

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**श्रद्धा कपूर की ईर्था का टीजर रिलीज**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 99 ■ बुधवार 24 जून 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# मानसून की दस्तक से राहत

- शहर के कार्य अधूरे ही लटके
- पानी की किल्लत का करना होगा सामना
- मानसून पूर्व सड़क निर्माण व नाला सफाई न होने से परेशानी

करन बोधा




**उल्हासनगर.** राज्य सहित उल्हासनगर व आसपास के क्षेत्रों में मानसून की दस्तक से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। लेकिन यह राहत ज्यादा दिन नहीं मिलेगी क्योंकि उन्हें गर्मी से तो राहत मिल जाएगी लेकिन मनपा प्रशासन व सत्ता पक्ष की लापरवाही का खामियाजा शहर को भुगतना पड़ेगा। शहर में मानसून पूर्व सड़क निर्माण कार्य अधूरे होने के कारण रास्ते खस्ता हालत में है और नाला सफाई भी ठीक ढंग से नहीं होने के कारण जगह-जगह जलजमाव भी देखने को मिल रहा है। बारिश की तो अभी शुरुआत भी नहीं हुई ऊपर से पानी की किल्लत से लोग पिछले 15 दिनों से परेशान है उसका सामना अभी लोगों को आने वाले दिनों में करना होगा। पानी के साथ बिजली कटौती भी लगातार हो रही है। कुल मिलाकर लोगों को गर्मी से तो राहत मिली है लेकिन उसके बाद की कहानी अभी इस मानसून में बाकी है।

मानसून से पूर्व जो तैयारियां उल्हासनगर महानगरपालिका को करनी चाहिए थी वो नहीं किए जाने से शहर में समस्याओं का इजाफा देखने को कुछ ही दिनों में मिलेगा।

### ■ अभी भी गड्ढों में शहर

उल्हासनगर-3 स्थित केबी रोड का कार्य अधूरा पड़ा होने से शहरवासियों को भारी परेशानी हो रही है आए दिन दुर्घटनाओं का भी सामना करना पड़ रहा है। एक तरफा रोड होने के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या भी रोजाना देखने को मिल रही है। शहर में भुयारी गटर का कार्य पूरी तरह बंद नहीं होने से ठेकेदार ने रोड के कार्य अधूरे छोड़े हैं जो इस मानसून में परेशानी का सबब बन सकते हैं। शहर के करीब-करीब हर रोड की हालत खस्ता है। अब मानसून की दस्तक के साथ ही रोड जैसे थे वैसे ही अवस्था अब तीन से चार महीनों तक देखने को मिलेगी। दो महीनों बाद त्योहार है और इन त्योहारों में खराब सड़कें प्रशासन व सत्ता पक्ष की लापरवाही की पोल खोलते नजर आएंगे।

### ■ पानी बचाव अभियान की जरूरत

मानसून में देरी के कारण और पानी वितरण प्रणाली पर दबंग नेताओं व नगरसेवकों के कारण आज शहर में पानी की जोरदार किल्लत हो गई है। हालांकि डैम का स्तर भी कम होने से पानी की कटौती हुई है। लेकिन मनपा प्रशासन द्वारा पानी लीकेज और वालों पर नेताओं का कब्जा होने से पानी की समस्या करीब हर वार्ड में हो गई है। इसके उपाय योजना हेतु मनपा प्रशासन व सत्ता पक्ष के पास कोई योजना नहीं है। मानसून में भी यह परेशानी जारी रहेगी ऐसा कहा जा रहा है। ऐसे में सत्ता पक्ष को पानी बचाव अभियान के तहत लीकेज की मरम्मत व वॉशिंग सेंटर बंद कराने चाहिए ताकि पानी वितरण प्रणाली के तहत ही लोगों तक पहुंचे।

### नाला सफाई की खुली पोल

शहर में छोटे-बड़े नाला सफाई का दावा मनपा प्रशासन द्वारा किया जा रहा है लेकिन वायरल वीडियो ने इन दावों को पूरी तरह झूठा साबित कर लिया है। शहर के नालों की सफाई ऊपरी तौर पर 10 प्रतिशत हुई है जबकि 90 प्रतिशत होनी बाकी है। ऐसे में निचले इलाकों में बाढ़ के पूरे संकेत हैं। मूसलाधार बारिश में इसका परिणाम शहरवासियों के समक्ष आ जाएगा।

### नहीं बन पाया शहर कचरा मुक्त

- उल्हासनगर शहर को कचरा मुक्त अभियान के तहत सबसे महंगा ठेका कोणार्क कंपनी को तो दिया गया है लेकिन शहर में अभी भी जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। कचरा उठाने की गाड़ियों की हालत दयनीय है। सफाई कर्मचारी अपने नीचे कामगार रखे हुए हैं।
- कचरा उठाने वाले शत प्रतिशत कचरा नहीं उठाने से बदबू का साम्राज्य देखने को मिल रहा है। शहर में साफ-सफाई का अभाव है। आरोग्य विभाग इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। केवल फोटो सेशन के तहत कार्य हो रहे हैं।
- शहर को कचरा मुक्त कराने में मनपा प्रशासन व सत्ता पक्ष पूरी तरह फेल साबित हुआ है। तब भी शिवसेना की सत्ता थी और आज भी सेना की सरकार है। क्या शहर समस्या मुक्त हो पाएगा या इस मानसून में लोगों की उम्मीदें फिर पानी में बह जाएंगी यह देखने वाली बात होगी।

# उल्हासनगर में गावठी पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

- विट्ठलवाड़ी पुलिस ने की कार्रवाई
- पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ा गया आरोपी



**उल्हासनगर.** विट्ठलवाड़ी पुलिस ने एक युवक को गावठी पिस्तौल रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 40 हजार रुपये की गावठी पिस्तौल ज़ब्त की गई है और उसके खिलाफ इंडियन आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 23 जून की रात को जब विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल मंगेश वीर और सुनील गावित पेट्रोलिंग कर रहे थे, तो उन्हें सूचना मिली कि उल्हासनगर-4 के आदर्श नगर चौपाटी इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार लेकर आ रहा है। इसके बाद, पुलिस सब-इंस्पेक्टर गणेश भवाद और उनकी टीम ने जाल बिछाकर संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। जब आरोपी आदित्य गौतम जोगदंड (उम्र 21) की तलाशी ली गई, तो उसकी पैंट के पीछे गावठी पिस्तौल छिपी हुई मिली। पुलिस ने उसे तुरंत ज़ब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि ज़ब्त किए गए हथियार की कीमत करीब 40 हजार रुपये है और यह लोहे के छह बोर वाले सिलेंडर वाली गावठी पिस्तौल है। इस बारे में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में इंडियन आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस सब-इंस्पेक्टर गणेश भवाद आगे की जांच कर रहे हैं ताकि पता चल सके कि आरोपी को यह हथियार कहां से मिला, इसके पीछे क्या मकसद था और क्या उसका कोई और कनेक्शन है। यह कार्रवाई सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कोली के मार्गदर्शन में की गई।

# केवल 13 मिनट में ATM से 68 हजार की चोरी

- कार्ड बदली करके सात बार एटीएम से निकाले रुपए

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम की अदला-बदली करके केवल 13 मिनट में सात बार एटीएम से 68 हजार रुपए निकाल लिए, जिसकी शिकायत अंबरनाथ पुलिस में मातोश्री नगर विमको नाका निवासी सुहैल सिकंदर शेख ने पंजीकृत कराया है. एक अज्ञात व्यक्ति ने 20 जून की रात 7.30 बजे अंबरनाथ नगर पालिका के समक्ष स्टेट बैंक आफ इंडिया के एटीएम में उनके कार्ड की चालाकी से अदला-बदली करके उनका कार्ड लेकर चालाकी से सुहैल के पिता के नाम पर के स्टेट बैंक आफ इंडिया के एकाउंट में से 68 हजार 81 रुपए निकाल लिए. पहले चोर ने रात 8.15 बजे 7027, फिर 8.17 को 1027, फिर 8.18 को 9000 रुपए, 8.20 बजे 10,000 रुपए, 8.22 को 1027 रु. 8.23 को 10 हजार और रात 8.28 को किसी शॉप से 30 हजार रुपयों की आनलाइन खरीदी की है. इस तरह 6 बार एटीएम से और सातवीं बार आनलाइन खरीदी करके 68 हजार रुपए निकाल लिए. शक इस बात का किया जा रहा है कि किसी नजदीक के दुकान से उसने खरीदारी की होगी क्योंकि 8.23 को आखिरी बार उसने रकम निकाल कर 8.28 को आनलाइन खरीदारी उसने कार्ड से की है. मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक मनिष वाघमारे कर रहे हैं.

# नाबालिग बच्चे कर रहे शहर में नाला सफाई !

- उल्हासनगर मनपा के कार्य की खुली पोल
- बच्चों से कचरा और गाद निकलवाई गई
- पोकलेन मशीन पर खेलते दिखे बच्चे
- शहर में नाला सफाई में लापरवाही

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के नाले की सफाई के काम में एक चौंकाने वाली और शर्मनाक घटना सामने आई है, और गंभीर आरोप लगे हैं कि नाबालिग बच्चों को एक बड़े नाले में ले जाकर उनसे कचरा और गाद निकलवाई गई। यहीं नहीं, बच्चों को पोकलेन मशीन की बाल्टी पर खेलने का एक वीडियो सामने आया है, जिससे बच्चों की सुरक्षा का सवाल उठ रहा है। इस घटना ने मनपा प्रशासन और ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, और दोषियों के खिलाफ तुरंत सस्पेंड करने और एक्शन लेने की मांग जोर पकड़ रही है। उल्हासनगर शहर में मानसून से पहले जहां नाला सफाई अभियान ने जोर पकड़ा है, वहीं उल्हासनगर-1 के राजीव गांधी नगर इलाके में एक बड़े नाले की सफाई के काम में बाल



मजदूरों से काम करवाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। संबंधित अधिकारियों से तुरंत एक्शन लेने की मांग की गई है। शिकायत के मुताबिक, वार्ड नंबर 3 में नाले की सफाई का काम एक निजी ठेकेदार पोकलेन मशीन की मदद से कर रहा है। लेकिन, यह देखा गया है कि काम के दौरान, नाबालिग बच्चों को सीधे नाले में घुसकर पोकलेन की बाल्टी में कीचड़ और कचरा भरने के लिए कहा जा रहा है। शिकायत में दावा किया गया है कि इस तरह के वीडियो सबूत के तौर पय मौजूद हैं। इसके अलावा, यह भी आरोप लगाया गया है कि इन बच्चों की जान को खतरा है क्योंकि वीडियो में पोकलेन ड्राइवर बच्चों को मशीन की बाल्टी पर बिठाकर उन्हें गोल-गोल घुमाता हुआ दिख रहा है। शिकायत में कहा गया है कि यह काम चाइल्ड एंड जुवेनाइल लेबर (प्रोहिबिशन एंड रेगुलेशन) एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और इंडियन ज्यूडिशियल कोड के कई नियमों का उल्लंघन करता है। इस मामले में, यह मांग की गई है कि संबंधित कॉन्ट्रैक्टर, पोकलेन ड्राइवर और नाले की सफाई के काम से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों को तुरंत सस्पेंड कर जांच शुरू की जाए। शहर में नाला सफाई भी ठीक तरीके से नहीं होने के कारण शहर में जलजमाव का खतरा बना हुआ है।

# 200 आधार कार्ड कचरे में फेंके मिले

**उल्हासनगर.** शहर के आनंदनगर फर्स्ट गेट, उल्हासनगर-अंबरनाथ मार्ग इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां 200 से ज़्यादा आधार कार्ड सड़क किनारे फेंके गए। यह एक गंभीर सवाल है कि नागरिकों की पहचान का एक ज़रूरी डॉक्यूमेंट और कई सरकारी योजनाओं के लिए ज़रूरी आधार कार्ड, संबंधित लाभार्थियों तक पहुंचे बिना सीधे सड़क पर कैसे पहुंच गया।

इस घटना के स्थानीय नागरिकों के सामने आने के बाद इलाके में बड़ा हंगामा हुआ। जब सड़क किनारे बिखरे आधार कार्ड की जांच की गई, तो पता चला कि



उन पर ज़्यादातर पते और तस्वीरें उल्हासनगर कैंप नंबर 5 इलाके के निवासियों के थे। इसलिए, इस बात पर भी सवाल उठ रहा है कि संबंधित नागरिकों को उनके आधार कार्ड मिले या नहीं। सेंट्रल पुलिस अब जांच कर रही है कि ये आधार कार्ड असल में यहां कौन लाया, इसके पीछे क्या मकसद था और बांटने की प्रक्रिया में किसने लापरवाही की।

आधार कार्ड के गलत इस्तेमाल की संभावना को देखते हुए, यह घटना बहुत गंभीर हो गई है। इस बीच, लोगों ने तुरंत सतर्कता दिखाई और सभी आधार कार्ड इकट्ठा करके सेंट्रल पुलिस स्टेशन को सौंप दिए। लोग इस मामले की पूरी जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# रेलिंग फुटपाथ पर बिल्डर का कब्जा

- नपा ने लगाया लोहे का रेलिंग
- बिल्डर ने रख दिया स्टील सरिया
- कार्रवाई की मांग

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर नगर परिषद द्वारा बनाए गए फुटपाथ पर रेलिंग लगाकर फेरीवालों पर बंदी लगा दी गई थी. अब यहां पर किसी बिल्डर ने स्टील के सरिये रख दिए हैं. साथ ही कुछ हाथगाड़ी, पान की दुकान यहां पर शुरू हो गई है.

विदित हो कि इस चौक पर यशवंतराव चव्हाण नाट्यगृह के बाजू में कुछ मछली विक्रेताओं ने कब्जा कर लिया था. शहरवासियों



एवं दुकानदारों ने नगर परिषद को यहां से मछली मार्केट हटाने की मांग करने पर मछली मार्केट विक्रेताओं को हटाकर इस फुटपाथ पर रेलिंग लगा दिया था. कुछ लोगों ने इस रेलिंग के अंदर स्टील के सरिये रख दिए हैं. जिसके कारण फुटपाथ पूरी तरह बंद हो गया है. ये भी देखा गया है कि आसपास में बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू है. ये स्टील के सरिये किसने रखे हैं? नपा अतिक्रमण विभाग जांच करके उस पर कार्रवाई करने की जरूरत है. मछली विक्रेताओं का कहना है कि अगर बिल्डरों को सरिया रखने में छूट दे रही है तो फिर हम लोगों को यहां से क्यों हटाया गया? इस फुटपाथ रेलिंग के अंदर बहुत सारी हाथगाड़ी भी रखी हुई है. इस सबको हटाकर फुटपाथ का रास्ता साफ करने की मांग की जा रही है. शिवाजी चौक पर गत कई दिनों से नपा ने कार्रवाई करते हुए धंधा करने वाले ठेलेवालों को हटाकर सामान को जब्त किया है. जिसके कारण अब यहां पर हाथगाड़ियां नहीं लग रही हैं. कुछ हाथगाड़ी अब इस रेलिंग के बीच में लगाई गई है.

# शेयर में निवेश के नाम पर 22 लाख रुपये ठगे

**अंबरनाथ.** एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसमें अंबरनाथ के एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 22 लाख 53 हजार रुपये ठगे गए। इस मामले में अंबरनाथ वेस्ट पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

अंबरनाथ वेस्ट के ऑर्किड स्क्वायर के सर्वोदय नगर इलाके में C-11 बिल्डिंग में रहने वाले समीर हरिचंद्र पवार (उम्र 34, पेशा- इलेक्ट्रिकल इंजीनियर) के साथ एक महिला जालसाज ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की। वंशिका शर्मा नाम की एक महिला और उसके अन्य साथियों ने पवार से WhatsApp मैसेज के ज़रिए संपर्क किया। आरोपियों ने फिसडम नाम की कंपनी का झांसा देकर पवार का भरोसा जीता। इसके बाद, उन्होंने उनसे उनके मोबाइल पर 'फिसडम' नाम का एक ऐप इंस्टॉल करने को कहा। आरोपियों ने शुरुआत में पवार को स्टॉक मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर 50,000 रुपये इन्वेस्ट करने को कहा। यह रकम इन्वेस्ट करने के बाद, पवार के मोबाइल में 'फिसडम ऐप' पर उनका नकली प्रॉफ़िट दिखाया गया। ज़्यादा प्रॉफ़िट कमाने के चक्कर में, पवार ने समय-समय पर आरोपियों के बताए अलग-अलग बैंक अकाउंट में पैसे भेजे।

# हर शुक्रवार को पानी की सप्लाई बंद

**उल्हासनगर.** शहर में बारह महीने उल्हास नदी बहने के बावजूद, मनपा अपना पानी का सोर्स नहीं बना पाया है। इस वजह से उसे पानी के लिए पूरी तरह MIDC पर निर्भर रहना पड़ता है। अब बढ़ते पानी के संकट को देखते हुए MIDC ने हर शुक्रवार को 24 घंटे पानी की सप्लाई बंद करने का फैसला किया है, जिससे शहर में पानी की गंभीर स्थिति पैदा हो गई है।

MIDC की तरफ से उल्हासनगर मनपा को हर दिन 140 MLD पानी सप्लाई किया जाता है। हालांकि, पानी की कमी को देखते हुए MIDC ने अब हर गुरुवार से शुक्रवार रात 12 बजे से रात 12 बजे तक पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद करने का फैसला किया है।

### ■ हर दूसरे दिन आता है पानी

इस शुक्रवार को पानी बंद होने का सीधा असर शनिवार और रविवार को भी महसूस होगा। दूसरी ओर, मनपा के पानी



बांटने के सिस्टम में ढिलाई सामने आई है। शहर में पानी के गलत बंटवारे की वजह से लोगों को बराबर सप्लाई नहीं मिल रही है। कुछ इलाकों में दिन में दो बार पानी आता है, जबकि ईस्ट के ज़्यादातर हिस्सों में हर दूसरे दिन पानी आ रहा है।

### ■ पानी की भारी कमी

MIDC के फैसले और लीकेज की वजह से नागसेन नगर, भारत नगर, आम्रपाली नगर, साई नगर, महात्मा फुले कॉलोनी, दहा चॉल, डिफेंस कॉलोनी, अंबेडकर चौक एरिया, तानाजी नगर, गणेश नगर के साथ-साथ सुभाष टेकड़ी एरिया के महादेव नगर, संतोष नगर, OT सेक्शन, भीमनगर, वशिष्ठ कॉलोनी, मराठा सेक्शन, मद्रासी पाड़ा, कुर्ला कैंप, समता नगर, सिद्धार्थ नगर, गायकवाड़ पाड़ा, कैलाश कॉलोनी, सह्याद्री नगर, प्रेमनगर टेकड़ी, वडोलगांव, चोपड़ा कोर्ट और रमाबाई अंबेडकर टेकड़ी में पानी की कमी का संकट और गहरा गया है।

### ■ कार वॉशिंग सेंटर निशाने पर

शहर की सड़कों पर कार वॉशिंग सेंटर बनाए गए हैं, जिनमें हज़ारों लीटर पानी इस्तेमाल हो रहा है। आम लोगों के मन में भी यह सवाल है कि वॉशिंग सेंटर में इस्तेमाल होने वाला पानी आता कहां से है। पानी के संकट के दौरान नगर निगम से इस पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है।

# प्रेम ऑटो-विट्ठलवाड़ी के बीच एलिवेटेड रोड का निर्माण लटका

**कल्याण.** कल्याण ईस्ट और वेस्ट को जोड़ने के लिए वालधुनी नदी के किनारे बन रहा एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट इन दिनों विवादों में घिरा हुआ है। कल्याण ईस्ट के वालधुनी में बौद्ध भूमि फाउंडेशन की जगह पर विवाद के कारण पिछले कुछ हफ्तों से इस ब्रिज का कंस्ट्रक्शन का काम पूरी तरह से रुका हुआ है। लोकल लोगों के अपनी मांगों को लेकर किए गए आंदोलन के कारण यह काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

चूंकि यह काम कब शुरू होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है, इसलिए करीब 200 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट को बड़ा झटका लग रहा है। साथ ही, अगर काम में देरी होती है, तो शहर के लोगों को आने-जाने में उम्मीद के मुताबिक आसानी के लिए और भी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। पहले से ही बढ़ती आबादी और गाड़ियों की संख्या कल्याण में मेन सड़कों पर काफी दबाव डाल रही है। ऐसे में, इस प्रोजेक्ट में देरी का सीधा असर लोगों के रोज़ाना आने-जाने पर पड़ेगा।

### ■ क्या है मामला?

इस ब्रिज का एक हिस्सा कल्याण ईस्ट के वालधुनी अशोक नगर इलाके से होकर गुजरता है। फाउंडेशन का कहना है कि इस इलाके में करीब 30 एकड़ ज़मीन की देखभाल बुद्धभूमि फाउंडेशन




कई सालों से कर रहा है। इस जगह पर एक बौद्ध मठ और गौतम बुद्ध की मूर्ति भी है। 30 मई को कल्याण डोंबिवली मनपा ने इस जगह से कुछ मूर्तियों को हटाने का काम किया था। स्थानीय लोगों और फाउंडेशन के अधिकारियों ने आरोप लगाया कि इस काम के दौरान मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। हालांकि, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने साफ किया कि सभी मूर्तियों को सम्मान के साथ पास के एक मठ में रख दिया गया है। हालांकि, यह विवाद बढ़ गया और पिछले दो हफ्तों से इस जगह पर कड़ी पुलिस सुरक्षा रखी गई है।

इस बारे में सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाठ की मौजूदगी में एक मीटिंग भी हुई थी। इस विवादित जगह पर महाबोधि कॉम्प्लेक्स बनाने का फैसला किया गया था। हालांकि, स्थानीय भिक्षुओं ने इस फैसले का विरोध किया और कई मांगें रखीं। इस वजह से, जब पुल का काम फिर से शुरू होने के संकेत मिले तो उसे फिर से रोक दिया गया है। इस झगड़े को सुलझाने के लिए सामाजिक न्याय विभाग के प्रधान सचिव हर्षदीप कांबले ने 15 जून को वालधुनी इलाके का दौरा किया और बताया कि इस बारे में कोई हल निकाला जाएगा। हालांकि, लोकल डिमांड ज़्यादा होने की वजह से ब्रिज का काम शुरू नहीं हो पाया है। अगर यह मामला जल्द ही नहीं सुलझा, तो न सिर्फ प्रोजेक्ट बल्कि शहर के ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर भी असर पड़ने की उम्मीद है।

प्रेम ऑटो सर्कल और विट्ठलवाड़ी के बीच बनने वाला यह एलिवेटेड रोड कल्याण शहर के ट्रांसपोर्ट के लिए बहुत ज़रूरी है। क्योंकि यह रोड सीधे कल्याण-अहिल्यानगर स्टेट हाईवे से जुड़ेगा, इसलिए कल्याण के ईस्ट-वेस्ट हिस्सों के बीच कनेक्शन तेज़ हो जाएगा।

# आपत्तिजनक पोस्ट से राजनीतिक माहौल गरमाया

**उल्हासनगर.** मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बारे में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और बदनाम करने वाला कंटेंट सर्कुलेट होने के मामले से उल्हासनगर में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। शिवसेना के पदाधिकारियों ने मांग की है कि तुरंत केस दर्ज किया जाए और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

इस बारे में शिवसेना की ओर से उल्हासनगर-3 के सेंट्रल पुलिस स्टेशन में एक रिप्रेजेंटेशन दिया गया। रिप्रेजेंटेशन में कहा गया है कि व्हाट्सएप ग्रुप 'शिवाजी जावले मित्र मंडल' में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बारे में आपत्तिजनक, बदनाम करने वाला और गुमराह करने वाला कंटेंट सर्कुलेट किया गया। शिवसेना डिपार्टमेंट हेड महेंद्र पाटिल ने मांग की कि संबंधित लोगों के खिलाफ इंडियन पीनल कोड (IPC), इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट (IT एक्ट); और दूसरे लागू कानूनों के तहत तुरंत FIR दर्ज की जाए। इस मौके पर युवा सेना लोकसभा सेक्रेटरी हरजिंदर सिंह भुल्लर, डिप्टी मेयर सुरेश सोनावणे, जयकुमार केनी, विनोद सालेकर, प्रमोद पांडे, ज्ञानेश्वर मर्सले, शिव सैनिक मौजूद थे।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था

देश में मामूली कहासुनी और छोटी-छोटी बातों पर हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। कई बार विवाद इतना बढ़ जाता है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने से भी गुरेज नहीं किया जाता।

हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर एक यात्री की ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। हैरत इस बात की है कि वहां मौजूद अन्य लोग बीच-बचाव करने के बजाय मूक दर्शक बने रहे। न केवल लोगों में पनप रही आपराधिक मानसिकता, बल्कि समाज में मौन रहकर अपराध को होते हुए देखने की बढ़ती प्रवृत्ति भी गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना से सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

अगर रेलवे स्टेशन पर ही सरेआम किसी की हत्या कर दी जाती है, तो सड़कों पर सुरक्षा की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। सरकार और रेलवे प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

गौरतलब है कि शाहदरा रेलवे स्टेशन पर बीते शनिवार को एक यात्री का कुछ लोगों से उस वक्त विवाद हो गया, जब वह ट्रेन में चढ़ रहा था। कहा-सुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने उस व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसे संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा कि रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ होने के बावजूद कोई भी उस व्यक्ति की मदद के लिए आगे नहीं आया और आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो गए। इस घटना के बाद रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

इस वारदात के दौरान स्टेशन पर क्या कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं था, यह भी जांच का विषय है। इसमें दोराय नहीं कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की खासी भीड़ होती है और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वहां सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं। मगर सवाल यह है कि शाहदरा स्टेशन पर हत्या की वारदात के दौरान अगर वहां कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अगर सुरक्षा प्रबंधों में ही लापरवाही बरती जाएगी, तो अपराध पर अंकुश कैसे लग पाएगा।

विमर्श

# चुनौतियों के साथ अवसरों का भी दौर

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां चुनौतियां भी हैं और अवसर भी। एक ओर खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर थोक महंगाई में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। हाल के भू-राजनीतिक तनावों में कमी के बाद रुपया फिर मजबूती की ओर बढ़ा है, देश का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है और भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। यह तस्वीर आश्वस्त करने वाली है, पर इसके भीतर कुछ ऐसे संकेत भी छिपे हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। सबसे महत्वपूर्ण संकेत थोक और खुदरा महंगाई के बीच बढ़ता अंतर है। हाल में थोक महंगाई तेजी से बढ़ी है, जबकि खुदरा महंगाई अपेक्षाकृत नियंत्रित रही है। यह स्थिति लंबे समय तक नहीं रहती। उत्पादन लागत में होने वाली वृद्धि का बोझ अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचता ही है। इसलिए आज जो दबाव उद्योगों और उत्पादकों पर दिखाई दे रहा है, उसका असर आने वाले समय में आम उपभोक्ता की जेब पर भी पड़ सकता है।

थोक महंगाई मुख्यतः उन लागतों को दर्शाती है, जिनका सामना उत्पादकों को करना पड़ता है। जब ऊर्जा, परिवहन, आयातित कच्चे माल और विनिर्माण की लागत बढ़ती है, तब कंपनियां शुरुआत में इसके कुछ हिस्से को अपने मुनाफे में कटौती करके कुछ बोझ स्वयं वहन करती हैं, पर यदि लागत का दबाव बना रहता है तो अंततः कीमतों में वृद्धि करनी पड़ती है। थोक महंगाई में हाल की तेजी को केवल एक अस्थायी घटना मानना उचित नहीं होगा। इस बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण ऊर्जा लागत है।



वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता का सीधा असर हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ईंधन और बिजली की ऊंची कीमतों से उत्पादन लागत का बढ़ना है। सकारात्मक पक्ष यह है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से वैश्विक तेल कीमतों में नरमी आई है। भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए यह राहत के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक अवसर भी है।

अक्सर कम तेल कीमतों को अतिरिक्त खर्च करने का अवसर समझ लिया जाता है, पर यह दृष्टिकोण दूरदर्शी नहीं होगा। बाजारों के उतार-चढ़ाव स्थायी नहीं होते। समझदारी इसी में है कि अनुकूल परिस्थितियों का उपयोग आर्थिक बुनियाद को मजबूत करने में किया जाए। सबसे पहले घटी तेल कीमतों से होने वाले लाभ का उपयोग बाहरी क्षेत्र की मजबूती के लिए किया जाना चाहिए। जब तेल आयात बिल घटता है तो चालू खाते का संतुलन बेहतर होता है। इस अवसर का उपयोग विदेशी मुद्रा भंडार को और मजबूत करने में किया जा सकता है। मजबूत भंडार केवल आर्थिक शक्ति का प्रतीक नहीं होते, बल्कि भविष्य के वैश्विक झटकों के खिलाफ सुरक्षा कवच भी प्रदान करते हैं।

दूसरा, यह ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का उपयुक्त समय है। पिछले एक दशक में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों में प्रत्येक नई प्रगति भारत की आयातित ऊर्जा पर निर्भरता को कम करेगी। यह पर्यावरण संरक्षण संग आर्थिक सुरक्षा का भी प्रश्न है। तीसरा, कम ऊर्जा लागत भारत के निर्यात क्षेत्र के लिए भी अवसर लेकर आई है। ढुलाई खर्च घटने से भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। लक्ष्य निर्यात बढ़ाने के साथ वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी को स्थायी रूप से मजबूत करना होना चाहिए।

यह समय ऊर्जा आधारित विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के भी अनुकूल है। बेहतर अवसंरचना, विशाल घरेलू बाजार, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाएं और अपेक्षाकृत कम ऊर्जा लागत भारत को वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती हैं। यदि नीतिगत स्थिरता और सुधारों की गति बनी रहती है तो भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में अपनी भूमिका और मजबूत कर सकता है। हालांकि इन अवसरों का पूरा लाभ तभी मिलेगा, जब वित्तीय अनुशासन कायम रहे। तेल कीमतों में गिरावट के समय सरकारों पर अतिरिक्त खर्च बढ़ाने का दबाव बनता है, पर दीर्घकालिक आर्थिक हित इसी में हैं कि इस बचत का उपयोग पूंजीगत निवेश बढ़ाने, राजकोषीय घाटा कम करने और रणनीतिक भंडार निर्माण में किया जाए।





ध्यानाभ्यास सीखने से हम ऐसे द्वार में प्रवेश कर जाते हैं जो हमें अंतर में आनंद, प्रकाश, और प्रेम से भरपूर मंडलों में ले जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२


देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अग्निकांड से क्या सबक सीखेगा प्रशासन?

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में सोमवार को एक व्यावसायिक इमारत में आग लग जाने से विद्यार्थियों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत की घटना ने एक बार फिर भवनों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देश भर में आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं, लेकिन न तो शासन-प्रशासन और न ही भवन मालिकों की ओर से व्यवस्था को सुधारने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने को लेकर कोई गंभीरता नजर आती है।

हालांकि, कोई हादसा किसी मामूली कोताही का नतीजा हो सकता है, लेकिन उससे सबक लेकर अगर भविष्य में सावधानी बरतने और बचाव के जरूरी इंतजाम नहीं किए जाते हैं, तो यह आपराधिक लापरवाही को दर्शाता है। सवाल है कि हादसे के तत्काल बाद सरकार की ओर से जो गंभीरता दिखाई जाती है, वह व्यावसायिक इमारतों में सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने के मामले में नजर क्यों नहीं आती है? जांच का दायरा और उसके नतीजों का प्रभाव सिर्फ संबंधित हादसे तक ही सीमित क्यों रह जाता है?

खबरों के मुताबिक, जिस व्यावसायिक इमारत में आग लगी, वहां विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सेंटर और कैफे संचालित किए जाते थे। यह रिहायशी इलाका है, जहां ज्यादातर



आर्थिक रूप से संपन्न लोग रहते हैं। आग इतनी तेजी से फैली कि इमारत से बाहर निकालने का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया और कुछ लोग अंदर ही फंसे रह गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दमकल कर्मियों को दीवार में छेद कर दूसरी इमारत की छत के रास्ते मृतकों के शवों और घायलों को बाहर निकालना पड़ा।

ऐसे में सवाल है कि जब इस इमारत में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, क्या वहां आपात स्थिति में सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त नहीं किए गए थे? लोगों के बाहर निकलने के लिए क्या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था मौजूद नहीं थी। जाहिर है कि इन सभी सवालों के जवाब गहन जांच के बाद ही सामने आएंगे, लेकिन यह देखना होगा कि क्या इस हादसे के सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा या नहीं।

गौरतलब है कि हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग की ऐसी ही एक घटना में इक्कीस लोगों की जान चली गई थी। पिछले वर्ष जुलाई में दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के तहखाने में जलभराव के कारण तीन युवाओं की मौत हो गई थी। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि देश भर में व्यावसायिक इमारतों में सुरक्षा मानकों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पिछले दिनों आग की कई घटनाओं में जांच के बाद यह बात सामने आई है कि संबंधित भवन मालिकों के पास अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाणपत्र ही नहीं था।

इससे यही साबित होता है कि ऐसे हादसों के लिए न केवल भवन मालिक, बल्कि सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारी भी जिम्मेदार हैं। जिन व्यावसायिक इमारतों में हर समय खासी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं, वहां आग लगने या अन्य किसी आपात स्थिति में बचने के लिए सुरक्षा इंतजामों की जांच और निगरानी करने की जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की नहीं, तो और किसकी है। जरूरत इस बात की है कि नियमों की अनदेखी करने या उन्हें ताक पर रख कर गतिविधियां संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की भी जावबदेही तय की जाए।

# भीख मांगकर 4 घंटे में कमाए 2480 रुपये!

जरा हट के

हाल ही में एक युवक का वृन्दावन वाला प्रयोग देखकर कई लोग हैरान रह गए. इस युवक ने मात्र चार घंटे के लिए भिखारी का रूप धारण कर लिया और वृन्दावन की गलियों में भिक्षा मांगनी शुरू कर दी. जब उसने कमाई गिनी तो खुद भी चौंक गया.

सिर्फ 4 घंटे में उसकी जेब में 2480 रुपये आ गए थे. वीडियो में युवक दिखाता है कि वह कैसे साधारण कपड़े पहनकर, वृन्दावन के मंदिरों, बाजार और घाटों के आसपास बैठ गया. शुरुआत में तो लोग कम ही देते थे, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ा, भक्तों और पर्यटकों की भीड़ बढ़ी। कई श्रद्धालु उसे देखकर दया दिखाते हुए 10-20-50 रुपये देते गए. कुछ पर्यटक तो 100-200 रुपये भी दे गए. युवक ने वीडियो में बताया, 'मैंने सोचा भी नहीं था कि इतनी आसानी से इतनी कमाई हो जाएगी. चार घंटे में 2480 रुपये! एक दिन का मेहनताना एक घंटे में.' वीडियो में वह नोट गिनते हुए हैरानी और खुशी दोनों जाहिर करते नजर आया.



जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, कमेंट सेक्शन में आग लग गई. कुछ यूजर्स इसे क्रिएटिव कंटेंट और रियलिटी चेक मान रहे हैं. वे कह रहे हैं कि भिक्षावृत्ति से भी अच्छी कमाई हो सकती है, जो दिखाता है कि लोग कितने दयालु हैं. दूसरी तरफ कई लोग इसे बेहद आपत्तिजनक बता रहे हैं. उनका कहना है कि वृन्दावन जैसी पवित्र नगरी में भिखारी बनकर प्रयोग करना धार्मिक भावनाओं का अपमान है. 'संत-महात्माओं की भूमि पर मजाक? बेशर्मी की हद है,' एक यूजर ने लिखा. कई लोगों ने इसे 'easy money syndrome' का उदाहरण बताया.

वृन्दावन और मथुरा में भिखारियों और साधुओं की संख्या काफी है. भक्तों की आस्था के कारण यहां भिक्षा मिलना अपेक्षाकृत आसान माना जाता है. लेकिन स्थानीय प्रशासन और मंदिर समितियां अक्सर बाहरी भिखारियों पर नकेल कसने की कोशिश करती रहती हैं. इस प्रयोग से यह भी सामने आया कि पर्यटक और श्रद्धालु ज्यादा उदार होते हैं.

# राजस्थानी गट्टे की सब्जी




### सामग्री

- 1 कप बेसन
- 2-3 बड़े चम्मच दही
- 3 चम्मच फेश क्रीम
- 1/2 चम्मच अजवाइन
- 1/2 चम्मच सौंफ
- 1/2 चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- 1/2 चम्मच हल्दी
- 1/2 चम्मच अदरक का पेस्ट
- 1 छोटी चम्मच लाल मिर्च
- 2 चम्मच हरी मिर्च का पेस्ट
- चुटकी भर मीठा सोडा
- स्वादानुसार नमक

**ग्रेवी के लिए सामग्री**

- 2 बड़े चम्मच बेसन
- 2 कप दही
- 2 बड़े चम्मच टमाटर का रस
- 8-10 कड़ी पत्ता
- 3-4 लौंग
- 1/2 चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 चम्मच हल्दी
- 1/2 चम्मच जीरा
- 1 छोटी चम्मच लाल मिर्च
- 3 बड़े चम्मच तेल

### विधि

**गट्टे बनाने की विधि**

सभी सामग्री को मिलाकर बेसन का आटा गूंथ लें। अगर गट्टे थोड़े नरम रखने हैं तो उसमें और दही मिलाएं। अब हथेली को तेल से चिकना कर लें। इसके बाद बेसन के आटे से पतले गट्टे बना लें। पैन में 3-4 कप पानी डालें और गट्टों को 5-7 मिनट स्टीम करें। इन्हें ठंडा कर छोटे आकार में काट लें।



**ग्रेवी बनाने की विधि**

ग्रेवी बनाने के लिए दही और बेसन को सबसे पहले मिक्स करें।

थोड़ा सा पानी डालकर अच्छे से मिलाएं, ध्यान रहे उसमें गांठ न रह जाए। इसके बाद नमक-मिर्च समेत सभी मसाले मिलाएं। अब कढ़ाही में तेल डालकर जीरा, लौंग और कड़ी पत्ता भून लें।

दही और बेसन का मिश्रण डालें। इसके बाद टमाटर का रस भी डालना है। सबसे आखिर में गट्टे मिक्स कर दें। ऊपर से धनिया डालकर गार्निश करें। आपकी गट्टे की सब्जी तैयार है।

# पैरों में दोबारा जान फूंक देंगे ये असरदार योगासन

हमारी जांघें शरीर का वजन संभालने में अहम भूमिका निभाती हैं। इसलिए जांघों का मजबूत होना काफी जरूरी है, लेकिन लंबे समय तक बैठने की आदत और एक्सरसाइज की कमी के कारण जांघों की मांसपेशियां कमजोर और ढीली पड़ने लगती हैं।
कमजोर जांघों की वजह से चलने-फिरने में परेशानी होनी शुरू हो जाती है। इस परेशानी से बचने में योग काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से कुछ योगासन करने से जांघों की ताकत बढ़ती है, वे फ्लेक्सिबल बनते हैं और टॉलिरेंस भी बढ़ती है। आइए जानें जांघों को मजबूत बनाने के लिए कुछ योगासन।

### जांघों को मजबूत बनाएंगे ये योगासन

### अंजनेयासन

ये जांघों की आगे और पीछे की मसल्स को एक्टिव बनाता है, जिससे उनमें फ्लेक्सिबिलिटी और शक्ति दोनों आती हैं। यह आसन लंबे समय तक बैठने से जकड़ी हुई मांसपेशियों को खोलने में भी मदद करता है।

**कैसे करें-** सीधे खड़े होकर एक पैर को आगे बढ़ाएं और दूसरा पीछे की ओर सीधा रखें। फिर आगे वाले पैर का घुटना 90 डिग्री पर मोड़ें। इसके बाद दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाकर छत की ओर देखें। इस पोजीशन में 20-30 सेकंड रहें और फिर पैर बदलें।

### वीरभद्रासन

यह आसन न केवल जांघों की मजबूती बढ़ाता है बल्कि बैलेंस और स्टेबिलिटी भी सुधारता है।



इससे पैरों में भीतर तक ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।

**कैसे करें-** पैरों को चौड़ा फैलाएं और दाहिने पैर को 90 डिग्री पर बाहर की तरफ घुमाएं और बाएं पैर को 15 डिग्री अन्दर की तरफ घुमाएं। अब दोनों हाथों को कंधे की सीध में फैलाएं और सामने देखें। 30 सेकंड तक अपनी स्थिति यूं ही बनाए रखें।

### देवीआसन

देवीआसन महिलाओं के लिए खासतौर से फायदेमंद है।यह जांघों, कूल्हों और नितंबों को टोन करता है और शरीर को नीचे से मजबूत बनाता है।

**कैसे करें-** पैरों को चौड़ा रखें और पंजों को बाहर की ओर मोड़ें। अब सांस छोड़ते हुए घुटनों को मोड़ें, जैसे कुर्सी पर बैठ रहे हों। हाथों को छाती के सामने ऊपर की तरफ नमस्कार मुद्रा में रखें। 30 सेकंड तक रुकें और धीरे-धीरे ऊपर उठें।

### सेतुबंधासन

यह आसन जांघों, कमर और रीढ़ के निचले हिस्से को एक्टिव बनाता है और लंबे समय तक बैठे रहने से हुई जकड़न को दूर करता है। जांघों को टोन कर घुटनों को मजबूत बनाता है और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है।

**कैसे करें-** इसे करने के लिए पीठ के बल लेट जाएं और घुटनों को मोड़ें। पैर जमीन पर रखें और हाथों को शरीर के पास रखें। धीरे-धीरे कूल्हों को ऊपर उठाएं, गर्दन और कंधे जमीन पर टिके रहें। 20-25 सेकंड तक स्थिति में रहें।

### उत्कटासन

इसे चेयर पोज भी कहा जाता है। ये जांघों, पिंडलियों और घुटनों की मजबूती के लिए एक बेस्ट योगासन है।

**कैसे करें-** इसे करने के लिए, पैरों को जोड़कर सीधे खड़े हों, हाथों को सिर के ऊपर उठाएं, और फिर घुटनों को मोड़कर इस तरह झुकें जैसे आप किसी कुर्सी पर बैठे हों। पीठ सीधी रखें, नजर सामने रखें और इस स्थिति में 30 सेकंड तक रहें, फिर नॉर्मल हो जाएं।

## आज का राशिफल

**मेष** : आज नया रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**वृषभ** : फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं।

**मिथुन** : विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

**कर्क** : घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

**सिंह** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

**कन्या** : चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

**तुला** : शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें।

**वृश्चिक** : चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

**धनु** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

**मकर** : पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है।

**कुंभ** : प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

**मीन** : पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बालों का झड़ना और डैंड्रफ नहीं हो रहा कम?

### घने और लंबे बालों के लिए ऐसे लगाएं मोरिंगा का तेल

हर महिला चाहती है कि उसके बाल काले, लंबे और घने हों, लेकिन बदलती लाइफस्टाइल, प्रदूषण, स्ट्रेस और केमिकल्स से बालों की चमक और मजबूती कम हो जाती है। ऐसे में नेचुरल ऑयल्स का इस्तेमाल सबसे असरदार उपाय है। मोरिंगा का तेल बालों की ग्रोथ और मजबूती के लिए एक अमृत जैसा माना जाता है, क्योंकि इसमें विटामिन-ए, बी,सी, ई, कैल्शियम, जिंक, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो बालों को जड़ों से पोषण देते हैं। आइए जानें कि मोरिंगा तेल को बालों के लिए कैसे कैसे इस्तेमाल करें।

### बालों की मजबूती और ग्रोथ के लिए कैसे लगाएं मोरिंगा ऑयल?

स्कैल्प मसाज के लिए- हल्का गुनगुना मोरिंगा तेल लेकर स्कैल्प पर 10-15 मिनट मसाज करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा, हेयर फॉल कम होगा और नए बालों की ग्रोथ बढ़ती है। मसाज स्कैल्प की ड्राईनेस भी दूर करती है।



डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क- मोरिंगा तेल को दही और शहद के साथ मिलाकर मास्क बनाएं। इसे बालों में 30 मिनट लगाकर रखें और फिर वॉश कर लें। यह बालों को डीप कंडीशन करके उन्हें स्मूद और सिल्की बनाता है।

**स्प्लिट एंड्स का इलाज-** अगर आप दोमुंहे बालों से परेशान हैं, तो मोरिंगा तेल को नारियल तेल के साथ मिलाकर हेयर एंड्स पर लगाएं। यह स्प्लिट एंड्स को रिपेयर करता है और बालों को टूटने से बचाता है।

**डैंड्रफ से छुटकारा-** मोरिंगा तेल में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण डैंड्रफ को साफ करने में मदद करते हैं। इसे नींबू रस या टी ट्री ऑयल में मिलाकर लगाएं। इससे स्कैल्प साफ और हेल्दी रहेगा।

**हेयर सीरम की तरह-** बाल धोने के बाद हल्की मात्रा में मोरिंगा तेल को एंड्स पर लगाएं। यह नेचुरल सीरम की तरह काम करके फ्रिजीनेस को कंट्रोल करेगा और बालों में शाइन लाएगा।

**ओवरनाइट ट्रीटमेंट-** डीप नरिशमेंट के लिए रात में सोने से पहले स्कैल्प और बालों की लंबाई पर मोरिंगा तेल लगाकर छोड़ दें। सुबह हल्के शैंपू से धो लें। यह ट्रीटमेंट बालों को मजबूत, काला और घना बनाने में बेहद असरदार है।

**हेयर ऑयल ब्लेंड-** मोरिंगा तेल को कैस्टर ऑयल, नारियल तेल या आंवला तेल के साथ मिलाकर इस्तेमाल करें। ये कॉम्बीनेशन बालों की जड़ों को और भी ज्यादा पोषण देगा, जिससे बालों की ग्रोथ दोगुनी तेजी से बढ़ेगी।

मोरिंगा का तेल बालों के लिए पोषण देने वाला बेस्ट उपाय है। इसके नियमित इस्तेमाल से हेयर फॉल, डैंड्रफ और स्प्लिट एंड्स की समस्या दूर हो वे फिर से जीवन्त और खूबसूरत बना सकते हैं।

# काला जामुन के बीज में छिपा है सेहत का खजाना!

जामुन बरसात के मौसम में मिलने वाला ऐसा फल है, जिसे स्वाद और सेहत दोनों के लिए पसंद किया जाता है. इसका हल्का मीठा और कसैला स्वाद लोगों को खूब भाता है. जामुन में विटामिन C, आयरन, फाइबर और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं. यही वजह है कि डॉक्टर भी इसे पोषण से भरपूर फल मानते हैं. गांव से लेकर शहर तक लोग इसका इंतजार करते हैं. जामुन शरीर को ताजगी देने के साथ कई जरूरी पोषक तत्व भी देता है, इसलिए इसे मौसमी फलों में खास स्थान मिलता है.

अगर बार-बार सर्दी, खांसी या संक्रमण की समस्या रहती है, तो जामुन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है. इसमें मौजूद विटामिन-C शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मदद करता है. इसके अलावा जामुन में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं. नियमित और संतुलित मात्रा में जामुन खाने से शरीर को जरूरी पोषण मिलता है. यही कारण है कि कई लोग इसे मौसम बदलने के दौरान भी अपने खानपान में शामिल करना पसंद करते हैं.



आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद इकबाल के मुताबिक, जामुन में अच्छी मात्रा में फाइबर भी पाया जाता है, जो पाचन तंत्र को बेहतर रखने में मदद करता है. जिन लोगों को कब्ज या पेट साफ न होने जैसी समस्याएं रहती हैं, उनके लिए यह फल लाभदायक माना जाता है. फाइबर भोजन को पचाने और पेट को लंबे समय तक भरा रखने में मदद करता है. यही वजह है कि जामुन खाने के बाद पेट हल्का महसूस हो सकता है. हालांकि जरूरत से ज्यादा जामुन खाने से कुछ लोगों को पेट से जुड़ी परेशानी भी हो सकती है, इसलिए संतुलित मात्रा में ही इसका सेवन करना चाहिए.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## संक्षेप...

### झीलों का जलस्तर मात्र 8.07% पर अटका

**मुंबई.** मुंबईकरों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए शहर में मॉनसून की नई बौछारें जरूर शुरू हो गई हैं और मौसम विभाग (IMD) ने भारी बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट' भी जारी किया है, लेकिन शहर के जल संकट को लेकर अभी भी कोई अच्छी खबर नहीं है। मुंबई को पीने का पानी सप्लाई करने वाली सात प्रमुख झीलों का कुल उपयोगी जल भंडार वर्तमान में क्षमता का केवल 8.07 प्रतिशत ही बचा है।

कैचमेंट एरिया (जलग्रहण क्षेत्रों) में उम्मीद के मुताबिक मूसलाधार बारिश न होने के कारण झीलों के जलस्तर में कोई खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की जा सकी है, जिससे बृहन्मुंबई महानगरपालिका की चिंताएं बढ़ गई हैं।

# विधान परिषद में ठाकरे-पवार को झटका

## 17 में से 11 सीटों पर BJP का कब्जा, NCP-शिवसेना को 5 सीटें



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों के नतीजे आज घोषित हो चुके हैं. सोमवार को घोषित नतीजों में 17 में 16 सीटों पर महायुति गठबंधन ने जीत दर्ज की है. इन सीटों में भी 6 सीटें ऐसी थीं, जिनपर महायुति के छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके थे. इससे गठबंधन को शुरूआत में ही बढ़त हासिल हो गई थी. 17 सीटों पर हुए चुनाव में बीजेपी ने सबसे अधिक 11 सीटें जीतीं, जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) ने तीन और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है.

हालांकि, नासिक एकमात्र ऐसी सीट है जिसपर महायुति गठबंधन को हार मिली है. इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार और बीजेपी के बागी गोकुल गीते ने शिवसेना (शिंदे गुट)के उम्मीदवार नरेंद्र दराडे को हराया है. इस हार को शिंदे गुट के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है.

### कौन से उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए ?

न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, जो उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं उनमें शिवसेना से रवींद्र फाटक (ठाणे) और दुष्यंत चतुर्वेदी (यवतमाल), एनसीपी से अनिकेत तटकरे (रायगढ़-रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) और विक्रम काकड़े (पुणे), और बीजेपी से अरुण लखानी (वर्धा-चंद्रपुर-गढ़चिरौली) और प्राजक्त तनपुरे (अहिल्यानगर) शामिल हैं.

ये जीत गठबंधन सरकार के लिए एक टेस्ट की तरह था, जो जनता के बीच उसकी लोकप्रियता की तस्वीर को उजागर करता है. साफ है कि राज्य में होने वाले आगामी चुनावों से पहले ये जीत किसी राजनीतिक बढ़त से कम नहीं है. महाराष्ट्र के ये नतीजे विपक्ष के लिए किसी झटके से कम नहीं जो लगातार उसकी कमजोर होती पकड़ को दर्शाता है.

### किस सीट से कौन जीता?

बीजेपी के जिन 11 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है उनमें सुहास शिरसाट (छत्रपति संभाजीनगर-जालना), अविनाश ब्राह्मणकर (भंडारा-गोंदिया), दर्शील कदम (सांगली-सतारा), राजेंद्र राउत (सोलापुर), बसवराज पाटील (धाराशिव-लातूर-बीड), राजीव पोतदार (नागपुर), नंदकिशोर महाजन (जलगांव), प्रवीण पोटे (अमरावती) और अमर राजुरकर (नांदेड़) शामिल हैं. परभणी-हिंगोली सीट से शिवसेना के सईद खान जीते हैं.

# अन्ना हजारे ने फिर दी भूख हड़ताल की चेतावनी

### महाराष्ट्र में RTI नियमों के खिलाफ खोला मोर्चा



**मुंबई.** सोशल एक्टिविस्ट अन्ना हजारे एक बार फिर आंदोलन से क्रांति करने की तैयारी में हैं. वो महाराष्ट्र सरकार सूचना के अधिकार के नियमों में किए गए बदलावों का विरोध कर रहे हैं. हजारे ने इन बदलावों को 'गैर-कानूनी' करार देते हुए इन्हें तुरंत वापस लेने की मांग की है. उन्होंने कहा है कि ऐसा नहीं होने पर वो 5 जुलाई से भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे.

अन्ना हजारे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे एक लेटर में दावा किया कि महाराष्ट्र सूचना के अधिकार के नियम, 2026, RTI एक्ट की धार को कुंद कर देंगे और नागरिकों को जानकारी से दूर रखेंगे. उनके मुताबिक, 12 जून को किए गए बदलाव RTI एक्ट, 2005 की भावना का उल्लंघन करते हैं और ट्रांसपेरेंसी को कमजोर करते हैं.

हजारे ने फीस बढ़ाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कोई सही वजह या फाइनेंशियल एनालिसिस नहीं दिया गया.

### 5 जुलाई से भूख हड़ताल करेंगे अन्ना हजारे

अन्ना हजारे ने मांग करते हुए लिखा, 'अगर 12 जून के बदलाव तुरंत वापस नहीं लिए गए, तो मैं 5 जुलाई को यादव बाबा मंदिर, रालेगण सिद्धि में अपना अनशन शुरू करूंगा, भले ही इसमें मेरी जान चली

### 'RTI कोई रेवेन्यू कमाने वाला कानून नहीं'

सीएम फडणवीस को लिखे लेटर में अन्ना हजारे ने कहा, 'RTI कोई रेवेन्यू कमाने वाला कानून नहीं है. अगर 20 साल बाद फीस बढ़ाई जाती है, तो जानकारी देने से मना करने वाले अधिकारियों पर पेनल्टी भी बढ़ाई जानी चाहिए.'

# BKC स्टेशन में दिखा भारत का सबसे जहरीला 'रसेल वाइपर'

**मुंबई.** भारी बारिश के मौसम में अक्सर सांपों के बिलों में पानी भर जाने से वे सुरक्षित स्थानों की तलाश में बाहर आ जाते हैं। मंगलवार (23 जून) को मुंबई के एक बेहद व्यस्त और हाई-प्रोफाइल इलाके में ऐसी ही एक घटना ने सनसनी फैला दी। मुंबई की भूमिगत 'मेट्रो लाइन 3' के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) स्टेशन के बेसमेंट में भारत के सबसे जहरीले सांपों में से एक 'रसेल वाइपर' कुंडल मारकर बैठा हुआ मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन्यजीव बचावकर्मियों ने बड़ी सूझबूझ से सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें रेस्क्यू टीम सांप को पानी पिलाते हुए नजर आ रही है।

# पुलिस अंकल ने स्टूडेंट्स को पढ़ाया; अब बच्चे पेरेंट्स को पढ़ाएंगे!

- कोपरी पुलिस की नई पहल
- ड्रग्स, साइबर क्राइम और ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड के खिलाफ अवेयरनेस मैसेज घर-घर पहुंचेगा



**ठाणे.** स्कूलों में टीचर हमेशा स्टूडेंट्स को पढ़ाते हैं, लेकिन कोपरी के विद्यासागर एजुकेशन स्कूल में एक अलग ही स्कूल लगा। इस स्कूल में 'पुलिस अंकल' स्टूडेंट्स के टीचर बने और ड्रग्स, साइबर क्राइम और ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड से सावधान रहने के ज़रूरी सबक सिखाए। खास बात यह है कि स्टूडेंट्स को यह सबक सिर्फ स्टूडेंट्स को ही नहीं, बल्कि उनके पेरेंट्स को भी सिखाने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई।वर्ल्ड एंटी-ड्रग डे के मौके पर हुए इस अवेयरनेस प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को नशे के बुरे असर के बारे में समझाया गया। स्टूडेंट्स को आसान भाषा में समझाया गया, 'ड्रग्स ज़िंदगी बर्बाद कर देते हैं, जबकि साइबर क्राइम ज़िंदगी भर की कमाई को पल भर में खत्म कर सकता है।'ठाणे पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे के गाइडेंस में हुई एक यूनिक क्लास में ऑनलाइन फ्रॉड की बढ़ती घटनाओं का ज़िक्र करते हुए यह मैसेज दिया गया कि 'आपने लॉटरी जीती है', 'आपने बड़ा इनाम जीता है', 'बैंक अकाउंट बंद होने वाला है', 'KYC अपडेट करें' जैसे लालच में न आएं। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर निशिकांत विश्वकर ने बताया कि स्टूडेंट्स को उदाहरण देकर बताया गया कि मोबाइल फोन पर अनजान लिंक पर क्लिक करना, OTP या बैंक अकाउंट की जानकारी शेयर करना कितना खतरनाक हो सकता है।इस मौके पर स्टूडेंट्स को अलग से 'होमवर्क' भी दिया गया।

पुलिस ने उनसे अपील की कि स्कूल से घर जाकर वे अपने माता-पिता और परिवार वालों को आज सीखी बातें बताएं, ताकि पूरे परिवार को साइबर क्राइम, ऑनलाइन फ्रॉड और ड्रग्स की लत से बचाया जा सके। प्रोग्राम में सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर निशिकांत विश्वकर, पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप केरकर, पुलिस सब-इंस्पेक्टर संजय चव्हाण, स्वाति दुसिंग, सीताराम गावित और जितेंद्र खलाटे मौजूद

# ज़िप कर्मचारियों के लिए EKYC ज़रूरी

- जुलाई-अगस्त की सैलरी आने से पहले प्रोसेस पूरा करने के निर्देश

**ठाणे.** वित्त विभाग के निर्देशों के मुताबिक, ज़िला परिषद के तहत आने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को, जो पंचायत राज सेवार्थ सिस्टम से सैलरी लेते हैं,ई केवायसी प्रोसेस ज़रूरी तौर पर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। संबंधित कर्मचारियों को जुलाई 2026, अगस्त 2026 की सैलरी पेमेंट से पहले ई केवायसी का तय प्रोसेस पूरा करना होगा, और जो अधिकारी और कर्मचारी यह प्रोसेस पूरा नहीं करेंगे, उनकी सैलरी नहीं निकाली जाएगी, यह जानकारी डिप्टी चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (जनरल एडमिनिस्ट्रेशन) अविनाश फड़तारे ने दी।फाइनेंस डिपार्टमेंट के सरकारी सर्कुलर के मुताबिक, सेवार्थ सिस्टम के तहत सैलरी लेने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान और जानकारी अपडेट रखने के लिए ई केवायसी प्रोसेस ज़रूरी कर दिया गया है।

इन आदेशों को रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के तहत काम करने वाली सभी ज़िला परिषदों के लिए भी लागू कर दिया गया है।इसके लिए, महाआईटी, मुंबई के ज़रिए पंचायत राज सेवार्थ सिस्टम में ई केवायसी रिकॉर्ड अपडेट करने की सुविधा बनाई गई है। यूज़र्स आसानी से प्रोसेस पूरा कर सकें, इसके लिए एक गाइड इन्फॉर्मेशन बुकलेट भी तैयार की गई है और इसे संबंधित ऑफिसों को उपलब्ध करा दिया गया है।जिला परिषद के तहत आने वाले सभी ड्रॉइंग और डिस्बर्सिंग ऑफिसर यह पक्का करें कि उनके नीचे काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का ई केवायसी प्रोसेस समय पर पूरा हो जाए। साथ ही, सरकारी सर्कुलर के सभी नियमों का सख्ती से पालन करने और ज़रूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।ई केवायसी प्रोसेस कर्मचारियों की जानकारी को अपडेट रखने में मदद करेगा और सैलरी बांटने के प्रोसेस में ज़्यादा ट्रांसपेरेंसी, एक्यूरेसी और एफिशिएंसी लाएगा। इसलिए, जिला परिषद, ठाणे एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से बिना किसी देरी के ई केवायसी प्रोसेस पूरा करने की अपील की गई है।₹सरकार की डिजिटल गवर्नेंस और ट्रांसपेरेंट गवर्नेंस की पॉलिसी के हिसाब से,ई केवायसी प्रोसेस बहुत ज़रूरी है। ज़िला परिषद के तहत काम करने वाले हर अधिकारी और कर्मचारी को तय समय में ई केवायसी पूरा करना होगा। इससे कर्मचारियों की जानकारी अपडेट रहेगी और सैलरी बांटने और एडमिनिस्ट्रेटिव प्रोसेस आसान, ज़्यादा सही और ट्रांसपेरेंट बनेंगे। सभी संबंधित लोग इस पर गंभीरता से ध्यान दें और डेडलाइन से पहले प्रोसेस पूरा करें चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव ऑफ़िसर रंजीत यादव।

## भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि



**जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया नें पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके ₹राष्ट्र प्रथम₹ के सिद्धांत, अखंड भारत के संकल्प एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण नमन किया गया। इस दौरान जिला महासचिव विनोद गोवानी, मनोहर खेमचंदानी, नगरसेविका अर्चना करनकाले, आनंद शिंदे, धनंजय बोडारे व भाजपा के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें ।**


### आम सूचना

हम श्री राजेश कनयालाल वासवाणी व श्रीमती भारती राजेश वासवाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 403, 4था माला प्रीतम अपार्टमेंट, रुम नं. 192, ब्लॉक नं. बी-32, भाटिया हॉस्पिटल के सामने, उल्हासनगर- 5 (टैक्स नं. 52डीआय011249300) उक्त प्रॉपर्टी श्री वर्खा जगदीश दुसेजा से सेल एग्रीमेंट 18.6.2026 सी.नं. 206/2026 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजेश कनयालाल वासवाणी व श्रीमती भारती राजेश वासवाणी**

### आम सूचना

मैं श्री प्रकाश परशूराम पमनाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम नं. 10, बैरक नं. 376, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 08एआय014867100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मधु अशोक पमनाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 30.3.2022 सी.नं. 669/22 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री प्रकाश परशूराम पमनाणी**


# श्रद्धा कपूर की ईथा का टीजर रिलीज



श्रद्धा कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म ईथा का टीजर रिलीज हो गया है। यह टीजर ऐसा है जिसे देखकर आप अपनी नजरें नहीं हटा पाओगे। वहीं शुरू के जो सीन हैं उन्हें देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। श्रद्धा की इसमें अब तक की बेस्ट परफॉर्मेंस देखने को मिल रही है।

### कैसा है श्रद्धा की ईथा का टीजर

दरअसल, टीजर की शुरुआत होती है एक तमाशा मंडली से जहां कई सारे मर्द टिकट ले रहे हैं। इसके बाद दिखाया जाता है कि कई सारे मर्द एक तरफ स्टेज के नीचे बैठे हैं और सामने स्टेज पर परफॉर्मेंस चल रही होती है। लेकिन तभी वो लोग चिल्लाते हैं कि हमें ईथा चाहिए। वहीं दूसरी तरफ दिखाया जाता है कि ईथा जो प्रेग्नेंट है उसे डिलीवरी वाला दर्द होता है। इसके बाद ईथा से कोई कहता है कि अभी जाएगी तो मर जाएगी। इस पर ईथा बोलती है कि पड़े-पड़े मरी तो बेचारी कहलाहूंगी और नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी।

इसके बाद ईथा का डांस, उसकी नजाकत को दिखाया जाता है। फिर कहा जाता है पान में पान चखना हो तो मीठा और तूफान को नाचते देखना हो तो ईथा।

### किस पर बनी है फिल्म ईथा

फिल्म की कहानी विठाबाई नारायणगावकर पर निर्धारित है जो मराठी तमाशा की पॉपुलर लावणी परफॉर्मर थीं। फिल्म में श्रद्धा के अलावा रणदीप हुड्डा, अनंत जोशी हैं। मूवी को लक्ष्मण उत्तेकर डायरेक्ट कर रहे हैं। वहीं दिनेश विज्जन इसे मैडॉक फिल्म्स से प्रोड्यूस कर रहे हैं।
बता दें कि कॉकटेल 2 की रिलीज के साथ ही थिएटर पर ईथा का टीजर रिलज हो गया था और यह टीजर सोशल मडिया पर खूब वायरल हुआ। वायरल होने के बाद फैंस की डिमांड थी कि इसे सोशल मीडिया पर भी रिलीज किया जाए। वहीं श्रद्धा ने फिर सोशल मीडिया पर मंगलवार को अपने ईथा वाले लुक को शेयर कर लिखा, तैयार हो...आ रही है ईथा।

# ठाणे मनपा का लोकशाही दिवस 20 जुलाई को

- 6 जुलाई तक आवेदन पत्र जमा करने की अपील

**ठाणे.** तहसील स्तर पर लोकशाही दिवस की तरह, ठाणे मनपा द्वारा ज़ोन लेवल पर भी हर महीने के तीसरे सोमवार को लोकशाही दिवस आयोजित किया जाता है ताकि नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इसके अनुसार, लोकशाही दिवस सोमवार 20 जुलाई, 2026 को आयोजित किया जाएगा। ठाणे मनपा द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस लोकशाही दिवस के लिए 6 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करें।

**नागरिकों को इन जगहों पर अपने आवेदन पत्र जमा करने चाहिए**

**ज़ोन 1** - (कलवा, मुंब्रा, दिवा वार्ड कमेटी के तहत) डिप्टी कमिश्नर ऑफिस, कलवा वार्ड कमेटी ऑफिस, कलवा

**ज़ोन 2** - (नौपाड़ा, वागले वार्ड कमेटी के तहत, डिप्टी कमिश्नर ऑफिस, नौपाड़ा वार्ड कमेटी ऑफिस, ठाणे (पश्चिम)

**ज़ोन 3** - (उथलसर, वर्तकनगर, लोकमान्य, सावरकरनगर, माजीवडा मानपाड़ा वार्ड कमेटी के तहत) डिप्टी कमिश्नर ऑफिस, मजीवडा मानपाड़ा वार्ड कमेटी ऑफिस, ठाणे (पश्चिम) नागरिकों को सबसे पहले ज़ोन लोकशाही दिवस में आवेदन देनी चाहिए। अगर ज़ोन लोकशाही दिवस में दी गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, तो नागरिक नियमों के अनुसार 15 दिन पहले मनपा लोकशाही दिवस में अपनी आवेदन दे सकते हैं। नागरिकों को ज़ोन लोकशाही दिवस के लिए अपनी आवेदन संबंधित ज़ोन ऑफिस में देनी चाहिए।

# उपमहापौर अमर लुंड द्वारा स्कूल साहित्य का वितरण



## श्री गुरुराणी नागकन्या (योगिनी) व श्री जिम्मी नागपुथ (योगीराज) ट्रस्ट ने किया आयोजन

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-4 स्थित आशेला गांव में श्री गुरुराणी नागकन्या (योगिनी) व श्री जिम्मी नागपुथ (योगीराज) ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जरूरतमंदों में स्कूली सामग्री का वितरण 14 जून की सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया गया। यह कार्यक्रम शिव लीला गाजरे लेवा हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने शामिल होकर स्कूली सामग्री का लाभ उठाया। ट्रस्ट द्वारा आए हुए अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया। उल्हासनगर मनपा उपमहापौर अमर लुंड द्वारा बच्चों में सामग्री का वितरण हुआ। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग आए हुए थे।





### आम सूचना

मैं श्री खीयल वेन्सीमल साजनाजी सभी को सूचित कर रहा हूं कि प्रापर्टी, सामन बैरक नं. 1855, सेक्शन 39, पोर्शन 338 चौ.फुट, उल्हासनगर- 5 (टैक्स नं. 51डीआय013796600) उक्त प्रॉपर्टी श्री खेमचंद वेन्सीमल साजनाणी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 20.6.2026 सी.नं. 6/139 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री खीयल वेन्सीमल साजनाजी**

### आम सूचना

मैं श्री खेमचंद वेन्सीमल साजनाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, कृष्णा मंडल के पीछे, सेक्शन-30-ए, 300 चौ.फुट, उल्हासनगर-4 (टैक्स नं. 45सीआय010237400) उक्त प्रॉपर्टी श्री खेमचंद वेन्सीमल साजनाणी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 20.6.2026 सी.नं. 6/140 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री खेमचंद वेन्सीमल साजनाणी**

### आम सूचना

मैं श्री धर्मेंद्रकुमार नाथूनी गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 301, 3रा माला, पिंकी अपार्टमेंट, रुम नं. 463, ब्लॉक नं.ए-78, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 13बीआय015504400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती नलिनी सुरेश जोशी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 28.5.2026 सी.नं. 86 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री धर्मेंद्रकुमार नाथूनी गुप्ता**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099